**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 4019**
**गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**कोट्टायम में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा**

**4019. श्री एंटो एन्टोनीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) केरल के कोट्टायम जिले में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त परियोजना के लिए आवश्यक मंजूरी दे दी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त परियोजना के कार्यान्वयन के लिए कितनी मंजूरियां लंबित हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग)**:** केरल सरकार (जीओके) ने कोट्टायम जिले में एरुमेली के निकट कोट्टायम (सबरीमाला) में एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के विकास की परिकल्पना की है, जिसके लिए नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार ने ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 के अंतर्गत पहले ही अप्रैल 2023 में "साइट क्लीयरेंस" प्रदान कर दिया है। इसके अलावा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने भी जुलाई 2023 में परियोजना की संदर्भ शर्तों (टीओआर) को अनुमोदन प्रदान कर दिया है और राज्य सरकार ने पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) अध्ययन भी कराया है।

आगे उल्लेखनीय है कि परियोजना प्रस्तावक होने के नाते, केरल सरकार की एजेंसी, केरल राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड (केएसआईडीसी), को एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करनी होगी, जिसमें विकास योजना, परियोजना लागत एवं वित्तपोषण, यातायात अनुमान, परियोजना के पूरा होने की समयसीमा आदि जैसे विवरण शामिल होंगे। जीएफए नीति, 2008 के अनुसार, इस रिपोर्ट के पूरा होने के पश्चात, इसे कार्य आरंभ होने से पूर्व "सैद्धांतिक" अनुमोदन प्रदान करने के लिए भारत सरकार को आवेदन के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है।

*******